आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 920बजे

पीएम–ज्ञान भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ज्ञान भारतम पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे। यह पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल शुरू हुआ। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करेंगे। टांडा मेडिकल कॉलेज में इसकी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और जल्द ही मरीजों को आधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध होगी। शिमला स्थित चमियाणा सुपर– स्पेशलिटी अस्पताल के बाद यह प्रदेश का दूसरा स्वास्थ्य संस्थान होगा, जहाँ रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक तकनीक से उपचार की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री आज दोपहर दिल्ली से कांगड़ा पहुँचेंगे और इस सेवा का शुभारंभ करेंगे।

उपराष्ट्रपति – शपथ ग्रहण

सी.पी. राधाकृष्णन आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाएँगी। इस महीने की 9 तारीख को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में वे विजयी हुए थे।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने भारी बारिश से प्रभावित चंबा जिला के कई क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आपदा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महाजन ने प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

जीएसटी सुधार–टैक्स फ्री वस्तुएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का अधिक कुशल और नागरिक–हितैषी अर्थव्यवस्था बनाने का सपना तीन सितंबर को जीएसटी परिषद के आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति देने के साथ साकार हुआ। जीएसटी सुधार आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए किए गए हैं और ये 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मानूसन की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने आज से 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

12 सितंबर तक अधिकांश स्थानों पे कोई खास वेदर होने की संभावना नहीं है, हालांकि कुछ एक जिलों में हल्के बादल छाए रहेंगे। बहुत ही हल्के स्तर की बारिश एक दो स्थानों पे हमें देखने को मिल सकती है, लेकिन 13 सितंबर से ही एक बार हिमाचल प्रदेश के निचले मैदानी इलाके और मध्यवर्ती इलाकों में हमें बारिश बढ़ती हुई नजर आएगी। 13 सितंबर को हमें कांगड़ा जिला, उना, बिलासपुर और हामीरपुर जिले के साथ–साथ सिरमौर जिले में भारी बारिश भी देखने को मिल सकती है, जिसको ध्यान में रखते हुए एलो अलर्ट हमने इन सभी जिलों के लिए 13 सितंबर के लिए जारी किया हुआ है।

उधर कुल्लू ज़िले के बंजार और मनाली उपमंडलों में प्रशासन ने आज सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश की घोषणा की है।

निगुलसरी

किन्नौर ज़िले में निगुलसरी के पास पिछले कई दिनों से बंद पड़े राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 को यातायात के लिए बहाल कर दिया है। ज़िला प्रशासन ने वाहन चालकों से गाड़ियों में सेब की ओवरलोडिंग न करने को कहा है, क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आज मरम्मत कार्य के चलते शाम 6 बजे से कल सुबह 6 बजे तक ये सड़क यातायात के लिए बंद रहेगी।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला व दिव्य हिमाचल की एक जैसी सुर्खी है कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक का निदेशक मंडल किया निलंबित, प्रशासन नियुक्त।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है पहाड़ी राज्यों के लिए बने अलग आपदा जोखिम सूचकांक।

दैनिक भास्कर की एक खबर है अब स्कूल लेक्चरर को पढ़ानी होंगी छठी से 12वीं तक की कक्षाएं, अधिसूचना की जारी।